प्रेस विज्ञप्ति 29.09.2021

श्रद्धेय यदुपति जी सिंघानिया की ६८वीं जयंती के पुण्य अवसर पर जनहित में निर्मित हाई डिपेंडेंसी यूनिट का लोकार्पण, रक्तदान शिविर का आयोजन, अनाथ बच्चों की स्कूल फ़ीस सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरण, आई0टी0आई तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना तथा वृहद स्तर पर सामाजिक सरोकार व लोक कल्याणकारी कार्य

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की चीफ-पैट्रन व जे.के. सीमेंट लिमिटेड की चेयर पर्सन श्रीमती सुशीला सिंघानिया जी द्वारा शहर में स्थित जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के लाला लाजपत राय हॉस्पिटल (हैलेट) में कैलाशपत सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिसिन विभाग में "डॉ. यदुपति सिंघानिया हाई डिपेंडेंसी यूनिट" समस्त चिकित्सकीय उपकरणों से सुसज्जित 10 बेड का सघन चिकित्सा कक्ष जनहित में निर्मित कराया गया है जिसका लोकार्पण दिनाँक 29 सितम्बर, 2021 को मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष-श्री अतुल कनोडिया, जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय काला, वाईस-प्रिंसिपल डॉ. ऋचा गिरी की उपस्थिति में किया गया।

जे.के. समूह का वृहद स्तर पर सामाजिक, स्वास्थ्य, धार्मिक, शैक्षिक, आर्थिक, व्यापारिक हित, संरक्षण व बढ़ावे हेतु योगदान

देश की अग्रणी औद्योगिक संस्थानों में शामिल जे.के. समूह अपने लोकोपकारिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर व प्रतिबद्ध रहा है। लगभग समस्त क्षेत्रों जैसे सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व खेल जगत के संरक्षण एवं बढ़ावे में सिंघानिया परिवार द्वारा स्थापित जे.के. समूह का योगदान अतुलनीय है जो निरन्तर उन्नति प्रतिबद्ध है।

आज कानपुर के कमला नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था जिसमें 81 लोगों ने रक्तदान किया एवं सामाजिक हित में जे.के.समूह के प्रयासों को न केवल सराहा बल्कि भविष्य के मंगल कार्यों के लिए आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त समूह ने हमेशा की तरह एक कदम और बढ़ाकर अनाथ बच्चों की स्कूल फ़ीस एवं पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की।

देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित इकाइयों और कार्यालयों द्वारा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात एवं कर्नाटक में वृहद स्तर पर सामाजिक सरोकार व लोक कल्याण के विभिन्न कार्य जैसे जरूरतमंदों में भोजन व अन्न का वितरण, नवजात शिशुओं को वात्सल्य किट, पौधारोपण, पशुधन संवर्धन, मलिन बस्तियों में बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, हायर सेकेंडरी के मेधावी छात्रों को टैबलेट, स्कूल हेतु आवश्यक फर्नीचर, अस्पतालों हेतु चिकित्सा सामग्री तथा यू.पी.एस. इन्वर्टर, नेत्र परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि श्रद्धेय यदुपति सिंघानिया ने राष्ट्र की उन्नति में व्यवसायिक शिक्षा व कौशल-विकास के महत्व को आरम्भ से समझते हुए राजस्थान व उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर समय-समय पर लगभग दस आई0टी0आई तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना व संचालन प्रारंभ कराया। यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नाम से राजस्थान के गोटन में आठ करोड़ से भी अधिक की लागत से आईटीआई की स्थापना की गई है। निकट भविष्य में इस संस्थान से प्रतिवर्ष सैकड़ों बच्चे विभिन्न क्षेत्र के कौशलों में दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।

इसी अवसर पर देश में ग्रे सीमेंट के उत्पादन क्षमता को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए जे० के० सीमेंट ने अपने निम्बाहेड़ा, राजस्थान में तीसरी लाइन का संचालन प्रारंभ किया जिसके माध्यम से निम्बाहेड़ा संयंत्र की उत्पादन क्षमता में 25% की वृद्धि हो जाएगी।

जे० के० सीमेंट के एम० डी० श्री राघवपत सिंघानिया, सी० ई० ओ० श्री माधवकृष्ण सिंघानिया एवं सी० ऍफ़० ओ० श्री अजय कुमार सराओगी ने कहा कि संस्थान सदैव उनके सपनों को साकार करने हेतु, समाज के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करते हुए भविष्य में भी लोक हित के विभिन्न कार्यों में अपना योगदान देने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध रहेगा।

धन्यवाद एवं आभार